महत्वपूर्ण एवं खास

नशे में धुत जेठ ने बहू को उतारा मौत के घाट

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। चांपा नगर के बैरियर चौक से लगे खिरसाली पारा में शराब के नशे में जेठ ने बहू को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी सूरज ठाकुर का अपने छोटे भाई विवाद हुआ था। इस दौरान बीच बचाव करने पर पत्नी सीमा ठाकुर (23) की हत्या कर दी। बीच बचाव कर रही आरोपी की मां के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग गया है। आरोपी सूरज नशा करने का आदी है। मंगलवार को भी नशे में धूत होकर घर आया। उसके बाद अपने भाई से विवाद करने लगा। इसमें बीच बचाव में आई अपनी बहू सीमा को रॉड से पीटकर मौत के घाट उतार दिया है। बीच बचाव में आरोपी की मां के सिर पर भी गंभीर चोट आई है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतका की 1 साल व 4 साल की दो बेटियां हैं। इनके सिर पर से मां का साया उठ गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। आरोपी की तलाश की जा रही है।

दो पशु तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव-रायपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव -मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक --राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी - दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25 दिसंबर 2024 की सुबह गस्त दौरान मुखबिर से सूचना मिला की एक व्यक्ति सफेद रंग के पिकअप वाहन क्रमांक 0132 में अवैध रूप से मवेशी जिला बालोद छत्तीसगढ़ से काकोड़ी जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के बूचडखाना क्रूरता पूर्वक ले जा रहा है जिसकी सूचना पर थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मातेखेड़ा के पास नाकेबंदी कर उक्त पिकअप वाहन को रोकने पर आरोपी द्वारा पशु तस्करी करते पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही करते हुए तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर तस्करी करने वाले वाहन चालक संजू कुमार पिता पुनाराम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भरनाभाट थाना देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ को एवं तस्करी करवाने वाले आरोपी विश्राम कुमार सोनकर पिता स्वर्गीय गुहरी राम सोनकर उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भरनाभाट थाना देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ के द्वारा अपराध करना पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक केदारनाथ चंद्रवंशी, आरक्षक क्रमांक-1213 मोहित कुमार साहू, आरक्षक क्रमांक 1545 श्रवण कुमार पैकरा एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा है।

पांच दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगे मोहन भागवत, संगठन के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ करेंगे चर्चा

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को अगले साल यानी 2025 में 100 वर्ष पूरे होने पर देशभर में कार्यक्रम होंगे. आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 5 दिवसीय दौरे पर रायपुर आएंगे. यहां वे शताबदी वर्ष में किस तरह का आयोजन होंगे, इसे लेकर चर्चा करेंगे. 27 से 31 दिसंबर तक भागवत रायपुर में रहेंगे. इस दौरान वे अलग-अलग सत्र में कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे. शताब्दी वर्ष में आरएसएस का बड़ा फोकस पंच परिवर्तन पर है. छत्तीसगढ़ में भी आरएसएस के संगठनात्मक विषयों और शताब्दी वर्ष पर चलने वाले कार्यक्रमों पर संगठन के अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भागवत बातचीत करेंगे. सरसंघचालक की इन बैठकों में कार्य विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के गुणात्मक विकास पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। शताब्दी वर्ष में आरएसएस पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा. पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती, भगवान बिरसा मुंडा, अहिल्या देवी होलकर, रानी दुर्गावती और अनुकूल चंद ठाकुर के सत्संग अभियानों पर चर्चा होगी.

महापौर जानकी काटजू की उपस्थिति में चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज सामुदायिक भवन रायगढ़ का हुआ लोकार्पण

वर्चुअली शामिल हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भवन विकास के लिए की 20 लाख रुपए की घोषणा

रायगढ़

केलो नदी के पावन धरा औद्योगिक नगरी रायगढ़ में चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज के हजारों परिवार विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देते हुए निवास करते हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित मांग थी कि नगर में चन्द्रनाहू चन्द्रा समाज का अपना सामुदायिक भवन हो जिससे सामाजिक गतिविधियों को और आगे गति प्रदान करने में सहायक हो। वह बहुप्रतीक्षित मांग आज लोकार्पण समारोह संपन्नता के साथ पूर्ण हुआ।

चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज समिति, रायगढ़ के अध्यक्ष भगत चन्द्रा ने बताया कि चन्द्रा समाज का सामुदायिक भवन जो वार्ड क्रमांक 4, लक्ष्मी हाइट के पास ढिमरापुर चौक पर बना है, जिसके लिए हमने रायगढ़ क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चन्द्रा, लीलाधर चन्द्रा एवं प्रबुद्ध जनो के मार्गदर्शन में माननीय रामरतन चन्द्राकेन्द्रीय अध्यक्ष चन्द्रनाहू (चन्द्रा) विकास महासमिति के सहयोग से भूमि आबंटन एवं भवन निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया है, जिसमें हमारे युवा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। भवन निर्माण के लिए तात्कालिक मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेलद्वारा मुख्यमंत्री फंड से 20 लाख रूपये की स्वीकृति मिली थी साथ में हमारे समाज के लोगों के द्वारा भी आर्थिक सहयोग दिया गया है सभी को मिला कर हम सामुदायिक भवन निर्माण में सफल हुए हैं।

आगे चन्द्रा ने बताया कि चन्द्रा समाज के भवन लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय ओ पी चौधरीविधायक, वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा होना था परंतु पूर्व निर्धारित तिथि दिनांक 24/12/2024/ दिन मंगलवार को उनकी अचानक दिल्ली दौरा हो जाने के कारण वे हमसे वर्चुअली रूप से जुड़े और हमारे सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया तथा समाज को संबोधित करते हुए समाज के प्रति अपने जुड़ाव को याद किया तथा समाज को शुभकामनाएँ प्रदान किए एवं भवन विकास के लिए अतिरिक्त 20 लाख रूपये आगामी वित्तीय वर्ष में देने की घोषणा की, जिसके लिए हम रायगढ़ क्षेत्र के समस्त स्वजनों की ओर से मंत्री महोदय को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर निगम रायगढ़ के महपौर माननीय जानकी अमृत काटजूउपस्थित रही उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए रायगढ़ में रह रहे चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज के लोगों के द्वारा योगदान की सराहना की एवं सामाजिक भवन विकास के लिए 5 लाख रुपये सहायता के रूप में व्यवस्था कराने की आश्वासन दिया है हम रायगढ़ (चन्द्रा) समाज की ओर से महापौर महोदया को भी हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान चन्द्रनाहू (चन्द्रा) समाज रायगढ़ क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, महिलाओं तथा बच्चे की भी उपस्थिति बड़ी संख्या में थी एवं सामाजिक बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रदर्शित किया गया जिससे सभी लोग अभिभूत थे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विशेष रूप सहयोग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को केंद्र स्तर में चन्द्रनाहू चन्द्रा समाज को सात दशक पूर्व सर्वप्रथम संगठित करने वाले आजीवन समाज को समर्पित रहे महापुरुष श्रद्धेय दुलार सहाय शास्त्रीके नाम से नवाचार करते हुए दुलार सहाय शास्त्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में समिति के कोषाध्यक्ष संदीप चंद्रम भवन निर्माण के अध्यक्ष गोरख चन्द्रा, समिति की पूर्व अध्यक्ष इंद्रजीत चन्द्रा, रोशन चन्द्रा, समिति सरंक्षण टी आर चन्द्रा, भीष्म कुमार चन्द्रा समाज के वरिष्ठ जन के एल चन्द्रा, ठाकुर राम चन्द्रा, संतोष चन्द्रा, युवा साथी प्रभाकर चन्द्रा, यादराम चन्द्रा, अजित (मोनू) चन्द्रा, कन्हैया चन्द्रा, डॉ. पीताम्बर चन्द्रा, डॉ. योगेश्वर चन्द्रा, मुकेश वर्मा जी, एडवोकेट प्रवीण, अनिल चन्द्रा, लक्ष्मी नारायण चन्द्रा, पुष्पेंद्र चन्द्रा, दुर्गा प्रसाद, रामसिंह चन्द्रा, नंदकुमार चन्द्रा, करन चन्द्रा, दुष्यंत, दौलत चन्द्रा, राजू चन्द्रा, सुरेश, चन्द्रा, मनोज, धर्मेंद्र, भागवत चन्द्रा, त्रिवेणी चन्द्रा, अहिल्या चन्द्रा, उषा चन्द्रा, मिथलेश चन्द्रा, विनीता चन्द्रा, सुझा चन्द्रा, शांति चन्द्रा, किरण चन्द्रा, सूरज बाई चन्द्रा, रोशनी चन्द्रा, सीमा, तुलसी चन्द्रा, शशि चन्द्रा, निनी चन्द्रा, लक्ष्मी चन्द्रा, कमला चन्द्रा, रामेश्वरी चन्द्रा, रंभा चन्द्रा, अंजू चन्द्रा, सेवती चन्द्रा, प्रमिला चन्द्रा,जमुना चन्द्रा, सोनी आदि लोग सम्मिलित रहे।

रंजिश के चलते लाठी-डंडे से हमला, तीन गिरफ्तार

भाटापारा-रायपुर | आरएनएस

दिनांक 20.12.2024 को प्रार्थी ऋषभ धृतलहरे द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह कुछ लोगों के साथ बोलेरो वाहन में छ_ी कार्यक्रम में शामिल होने बिल्हा जा रहे थे, की इसी बीच रात 11:00 बजे लगभग मेनरोड सेंदरी-बोरसी ब के पास एक अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सामने से टार्च की रोशनी दिखाया गया, जिसे हम लोगों ने मना किया, तो तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो कहकर गंदी-गंदी गाली गलौच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे डंडा से मारपीट किए हैं। मारपीट करने से वाहन चालक विक्रम जोगी को गंभीर चोट आया है। कि रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध क्र. 657/2024 धारा 296,115(2), 351(2), 324(4), 3(5),109(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी पक्ष के लोगों के साथ लाठी डंडा के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में तीनों आरोपियों को आज दिनांक 25.12.2024 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम - 1. अमर बांधे उम्र 45 साल निवासी ग्राम बोरसी ब थाना भाटापारा ग्रामीण 2. उरेन्द्र उर्फ गोलू उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बोरसी ब थाना भाटापारा ग्रामीण

3. हीरालाल और बडक्रू टंडन उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बोरसी ब थाना भाटापारा ग्रामीण

मिनीमाता चौक में उपद्रव कर रहे युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कवर्धा-रायपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक - पुष्पेंद्र बघेल एवं - पंकज पटेल के मार्गदर्शन में कवर्धा पुलिस ने मिनीमाता चौक पर उपद्रव कर रहे सात युवकों को गिरफ्तार कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। ये युवक नशे की हालत में राहगीरों से झगड़ा कर रहे थे, मारपीट कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पुलिस ने समय पर कार्रवाई कर सार्वजनिक शांति बहाल की। दिनांक 25/12/2024 को पुलिस पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि मिनीमाता चौक पर कुछ युवक नशे में धुत होकर उत्पात मचा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पाया कि आरोपी न केवल राहगीरों से झगड़ा कर रहे थे, बल्कि आसपास के लोगों को गाली-गलौज कर धमका रहे थे। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा और आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ थाना कोतवाली में मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। इसके अतिरिक्त, इनके खिलाफ धारा 170/125, 135 (3) बीएनएसएस के तहत भी कार्रवाई की गई है।

बोईरगांव में हुये साढ़े नौ लाख के चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

धमतरी | आरएनएस

थाना मेचका क्षेत्रातंर्गत ग्राम बोईरगांव में हुये साढ़े नौ लाख के चोरी का धमतरी पुलिस थाना मेचका ने किया खुलासा। चोरी में शामिल तीन आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध थाना मेचका द्वारा धारा 305(ए),331(3)क्चहृस्.के तहत की गई वैधानिक कार्यवाही। आरोपियों से लोहे के पाईप, बेसप्लेट,जीआई नाली, टीना सीट, जुमला कि0 3,00,000/ रू0 प्रयुक्त वाहन ट्रक कीमती 7,00,000/-रू0,पीकप वाहन कीमती 2,50,000/ रू0 01 सीट 2500/- र0 नगद 6000/- रुपये जुमला 12,58500/- रुपये किया गया जप्त। संक्षिप्त विवरण-: दिनांक 20.12.24 को प्रार्थी नंदेश्वर डांगरे द्वारा थाना मेचका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत अति पिछड़ा वर्ग हेतु बहुउ?देशीय हाल आंगनबाड़ी तथा माईकोमेडिकल के अंतर्गत ग्राम बोईरगांव कमारपारा में कार्य चल रहा था विहान बागड़े साकिन नागपुर के द्वारा स्ट्रक्चर कार्य मे उपयोग होने वाली सामग्री लोहे की पाईप, लोहे की पट्टा, लोहे की बेसप्लेट, लोहे की रूफिंग शीट, लोहे का रिच, लोहे की स्कू जुमला किमती 9,50,387/- रूपये को दिनांक 18.11.24 को ट्रक में लादकर चोरी कर ले जाने की आवेदन पर से आरोपी विहान बागड़े के विरूद्ध थाना मेचका में अप0 क्र.14/24 धारा 305(ए), 331 (3), क्चहृस् के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। जिस वरिष्ठ अधिकारियों के त्वरित कार्यवाही एवं कुशल मार्गदर्शन में थाना मेचका पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी पतासाजी हेतु दीगर प्रांत नागपुर महाराष्ट्र जाकर आरोपी विहान बागड़े का पतासाजी कर हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर कंपनी द्वारा प्राथमिक शाला बोईरगांव में रखे फेम इट्रक्चर लोहे की सीट सहित लोहे की सामाग्री सभी मिलाकर करीबन 03 टन को प्राथमिक शाला के दरवाजा में लगे ताला हथौड़ा से तोडक़र 2500/ रूपये में लेबर लगाकर ट्रक कमांक ष्टत्र 05_रक्र 4564 में लोड करवाकर चोरी कर उक्त सामाग्री को ग्राम डोंगरडूला के परिचित के भानेन्द्र विश्वकर्मा के पास 1,40,000/ रूपये में बेच देना स्वीकार किया,जिससे नगद 6000/ रू. एंव घटना प्रयुक्त हथौड़ा भी जप्त किया गया। उक्त चोरी के सामाग्री को खरीदने के संबंध में भानेन्द्र विश्वकर्मा से पूछताछ करने पर कम कीमत में मिलने पर खरीदना बताया। विहान बागड़े से 140000/- रू0 में खरीदकर ग्राम दुधावा के रूपेन्द्र साहू को200000/-रूपये में बेच देना व 1,40,000/- रूपये को विहान बागड़े को नगद देना बताया। व बाकी पैसे को खर्च कर देना बताया तथा उपरोक्त सामान में से 01 नग प्रोफाईल सीट 19 फीट वाला घर बाड़ी पैरावट के पास रखना बताने पर 01 शीट कीमती 2500/ रूपये गवाहों के समक्ष वजह सबूत में जप्त कर उक्त चोरी के सामाग्री को खरीदने के संबंध में रूपेन्द्र साहू ग्राम दुधावा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर भानेन्द्र विश्वकर्मा ग्राम डोगरडुला से 2,00,000/-रूपये में खरीदकर अपने पीकप वाहन से अपने घर ले गया था। जप्ती सामान-: लोहे के पाईप, बेसप्लेट, जीआई नाली, टीना सीट, जुमला कीमती0 3,00,000/ रू0 व पीकप वाहन क0 ष्टत्र 19 क्चस्न 3212 कीमती 2,50,000/- रू0 गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। नगद 6000/- रूपये,

01 टीना शीट 2500/- रूपये ट्रक क्र. ष्टत्र 05_रक्र 4564 कि0 7,00,000/ रू0 को वाहन स्वामी अनिल बंजारे से जप्त किया गया है। कुल जुमला सम्पत्ति कीमती 12,58500/ रूपये जप्त किया गया। आरोपी भानेन्द्र विश्वकर्मा व रूपेन्द्र साहू द्वारा चोरी का माल खरीदना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 317 (2) क्चहृस् जोड़ी गई। आरोपीगण के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी विहान बागड़े, भानेन्द्र विश्वकर्मा, रूपेन्द्र साहू को 24.12.2024 के क्रमश: 18/10, 18/20, 18/30 बजे विधिवत् गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपीगण का नाम-:

(01) विहान बागड़े पिता स्व0 किरण बागडे उम्र 32 वर्ष साकिन 77 मंगलधाम सोसाईटी दतवाडी थाना वाडी जिला नागपुर महाराष्ट्र।

(02) भानेन्द्र विश्वकर्मा पिता कार्तिक राम विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष साकिन डोंगरजूला थाना नगरी जिला धमतरी (छ0ग0)

(03) रूपेन्द्र साहू पिता हीरालाल साहू उम्र 33 वर्ष साकिन दुधावा चौकी दुधावा थाना नरहरपुर जिला कांकेर (छ0ग0)

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मेचका सहायक उपनिरीक्षक राधेश्याम बंजारे, आरक्षक, गिरीश सोम, दिनेश रात्रे, डीएसएफ आर0 भोजलाल प्रजापति का विशेष योगदान रहा।

अंबिकापुर गढ़वा रेल लाइन रोकने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन : कहां होगा बड़ा नुकसान

बलरामपुर-रामानुजगंज | आरएनएस

रामानुजगंज बलरामपुर विकासखंड के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक ग्रामवासीयों ने कलेक्टर को अंबिकापुर से गढ़वा नवीन रेल लाइन निर्माण पर रोक लगाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा। ग्रामवासियों ने कहां की अंग्रेज के समय में जो अंबिकापुर से बरवाडी रेल लाइन विस्तार हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया था। जिसके लिए रेलवे का भूमि अधिग्रहण पुल पुलिया का भी निर्माण किया गया था। इस पर निर्माण हो नवीन निर्माण होने से ग्राम वासियों को बहुत नुकसान होगा। ग्राम वासियों ने अंबिकापुर से गढ़वा झारखंड रेल लाइन सर्वे भूमि अधिग्रहण के कार्य में रोक लगवाने की मांग की।

ग्राम ओबरी,भवानीपुर,खुर्रा ,नवाडीहखुर्द,तुर्रीडीह आमडंडा महाराजगंज सहित अन्य गांव से अंबिकापुर से गढ़वा झारखंड रेल लाइन निर्माण हेतु वर्तमान में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। ग्राम वासियों ने बताया कि वर्तमान में रेलवे मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जो सर्वे कराए जा रहा है उसे बड़ी संख्या में हम सब ग्राम वासियों को नुकसान होगा रिहायशी क्षेत्र में रेल लाइन सर्वे करने से वह निर्माण होने पर ग्राम वासियों को नुकसान होगा। जो भूमि जारी है वह ग्राम वासियों की अपनी निजी भूमि है उसे भूमि के अलावा अन्य भूमि हम लोगों के पास नहीं है ऐसे में हम सबके सामने रोजी-रोटी का भी संकट उत्पन्न हो जाएगा। यदि नवीन रेल परियोजना अंबिकापुर से बरवाडीह रेल लाइन को बनाने से हमें या हमारे क्षेत्र वासियों को किसी तरह का दिक्कत नहीं है। रेल लाइन सर्वे जहां से किया जा रहा है वह घनी आबादी वाले क्षेत्र भी पड़ रहे है।ऐसे में जान माल का भी नुकसान होने का खतरा हर समय रहेगा। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सुशासन दिवस पर सलियाटोली में 726.27 करोड़ रूपए के विकासकार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन : 65.94 करोड़ की लागत के 50 कार्यों का किया लोकार्पण

❒ 660.33 करोड़ की लागत के 122 कार्यों किया भूमिपूजन

जशपुरनगर | आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस, सुशासन दिवस के अवसर पर आज कुनकुरी के सलियाटोली में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 726.27 करोड़ रूपए की लागत के 172 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें 65.94 करोड़ की लागत के 50 कार्यों का लोकार्पण और 660.33 करोड़ की लागत के 122 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत सामग्री, उपकरण एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किए। मुख्यमंत्री साय 660.33 करोड़ रूपये की लागत के जिन 122 कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें जशपुर विधानसभा के 58.83 करोड़ रूपये की लागत के 21 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 498.01 करोड़ रूपये की लागत के 58 कार्य, पत्थलगांव विधानसभा में 103.48 करोड़ रूपये की लागत के 43 कार्य शामिल हैं। भूमिपूजन होने वाले कार्यो में मुख्य रूप से जशपुर में प्रयास आवासीय विद्यालय, बगीचा में नवीन पॉलिटेक्निक कॉलेज, कुनकुरी में रिक्रिएशन पार्क, जिला कार्यालय जशपुर के द्वितीय तल, 15 धान उपार्जन केन्द्रों में अधोसंरचना-गोदाम, सलिहाटोली में इंडोर जिम, बगीचा में बैडमिंटन कोर्ट, कुनकुरी में अमृत मिशन 2.0 के विभिन्न कार्य शामिल है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री साय 65.94 करोड़ की लागत के जिन नवनिर्मित 50 कार्यों का लोकार्पण किया, उनमें जशपुर विधानसभा में लगभग 27.76 करोड़ लागत के 26 कार्य, कुनकुरी विधानसभा में 5.65 करोड़ लागत के 12 कार्य और पत्थलगावं विधानसभा में 32.51 करोड़ लागत के 12 कार्य शामिल है। लोकार्पित होने वाले कार्यों में मुख्य रूप से पोंगरों एनीकट हाइड्रो पावर आधारित पम्पिंग योजना, 4 प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास भवन, 6 स्टाप डेम, सेन्द्रीमुण्डा में नवीन आदिवासी कन्या आश्रम, नारायणपुर में हाई स्कूल भवन शामिल है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय, विधायक गोमती साय और रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, कृष्ण कुमार राय, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, रामप्रताप सिंह, यश प्रताप सिंह जूदेव, सुनील गुप्ता, रोहित साय, संभागायुक्त जी. आर. चुरेंद्र, कलेक्टर रोहित व्यास, आईजी अंकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU